तापमान

अधिकतम 40.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, रविवार, 20 अप्रैल 2025

14 सेजस पटौदल के आँटोमोबाइल छात्रों का 10 दिवसीय इंटर्नशिप ...



14 विनम्रता से दुश्मन का दिल भी जीत सकते हैं : पं....





## खबर संक्षेप

### संत निरंकारी सत्संग भवन में विशाल रक्तदान शिविर 24 को

**कांकेर।** संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में



सतगुरू माता सुदीक्षा महाराज की प्रेरणा से मानव एकता दिवस 24 अप्रैल को सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक सद्गुरु बाबा गुरबचन सिंह महाराज के शहादत दिवस के अवसर पर संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। संत निरंकारी सत्संग भवन कांकेर सिटी सेंटर मॉल के पीछे अघन नगर में किया जा रहा है। संत निरंकारी मिशन ब्रांच कांकेर के संयोजक राजा देवनानी ने उक्ताशय की जानकारी दी।

### अटल बिहारी बाजपेई की प्रतिमा स्थापना के लिए हुआ भूमिपूजन



**भानुप्रतापपुर।** नगर पंचायत भानुप्रतापपुर के वार्ड क्रमांक 6 में पीएचई ऑफिस के सामने अस्पताल रोड पर अटल परिसर निर्माण कार्य का भूमि पूजन नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर ने किया। उन्होंने बताया कि अटल परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व.अटल बिहारी बाजपेयी की मैटल प्रतिमा स्थापना के लिए भूमिपूजन किया गया। उनकी स्मृतियों और उनके उल्लेखनीय कार्यों को सहेजा जाएगा। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष गजानंद डडसेना, पार्षद राजकुमार यादव, गुमान सिंह ठाकुर, भाजपा नरोत्तम सिंह चौहान, अभय पांडे, एकांत चौहान, लखन साहू, जुगल किशोर शर्मा, तपन साहू, राहुल शुक्ला समेत वार्डवासी उपस्थित रहे।

### आवास योजना में छूटे परिवारों का सर्वे जारी



**दुर्गूकोंदल।** प्रधानमंत्री आवास योजना में पात्र परिवार को जोड़ने के लिए आवास प्लस 2.0 मोर द्वावर साय सरकार चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत सिहारी मे जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई के द्वारा परिवार का सर्वे आवास में सर्वे एप में छूटेगा परिवार का सर्वे कार्य का शुभारंभ किया गया। ग्राम पंचायत में जितने भी छुटे हुए परिवार जिपकस आवास योजना में नाम नहीं है उनका सर्वे करने कहा गया। उल्लेखनीय है कि 15 से 30 अप्रैल तक आवास प्लस अंतर्गत सर्वे का काम जारी है, इसमें छूटे हुए पात्र परिवारों के नाम नए प्रावधानों के अनुरुप दर्ज किश्स जा रहा है। शुभारंभ अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरडी ठाकुर, ग्राम पंचायत सिहारी के सरपंच राम गावड़े, प्रमोद बघेल घनश्याम ठाकुर व रूपेश जैन उपस्थित रहें।

### लौह अयस्क परियोजना का लोगों को मिल रहा है लाभ

**अंतागढ़।** भिलाई स्टील प्लांट कि रावघाट लौह अयस्क परियोजना प्रारंभ होने से क्षेत्र को जो लाभ मिलना था, वह नहीं मिल पा रहा है। रावघाट लौह अयस्क परियोजना के लिए क्षेत्र ने जो पर्यावरण, अपने पुरखों के पहाड़, नदियों का बलिदान दिया है, पर उसे उस हिसाब से क्षेत्र को जो लाभ मिलना चाहिए था, वह नहीं मिल पा रहा है। क्षेत्र के लोगों को लगा था कि क्षेत्र में रावघाट लौह अयस्क परियोजना प्रारंभ होने से क्षेत्र के लोगों को उचित संख्या में रोजगार मिलेगा, अच्छी शिक्षा की व्यवस्था होगी, अच्छे स्कूल खुलेंगे, शेष पेज 12 पर

## समस्या : बीएएमएस को बनाया अस्पताल प्रभारी, उसके नीचे पदस्थ है एमबीबीएस

# बीएसपी रावघाट परियोजना के स्वास्थ्य केंद्र दंडकवन में अव्यवस्थाओं का आलम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

बीएसपी रावघाट परियोजना के स्वास्थ्य केंद्र दंडकवन का संचालन लगभग 8 साल से संचालित है, परंतु यहाँ के स्वास्थ्य केंद्र दंडकवन का जिले के स्वास्थ्य विभाग के पास किसी तरह का कोई दस्तावेज नहीं है। यह स्वास्थ्य केंद्र किस नियम के तहत संचालित हो रहा है, इसकी जानकारी संस्था में काम करने वाले अमले को भी नहीं पता है।

जानकारी के अनुसार कांकेर जिले के रावघाट थाना से लगभग दो किमी. की दूरी पर दंडकवन नाम का बीएसएफ कैंप है और उसके बाजू में टीना शेड का कक्ष में स्वास्थ्य केंद्र दंडकवन संचालित है। स्वास्थ्य केंद्र के संचालन की जानकारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में होना चाहिए, परंतु इसके बारे में इस शाखा के प्रभारी का कहना है कि इसके बारे में हमारे पास कोई रिकार्ड नहीं है। हरिभूमि टीम ने स्वास्थ्य केंद्र दंडकवन का जायजा लिया, जहाँ पर केवल एक चिकित्सक, तीन स्टाप नर्स, एक वार्ड व्वाय थे। चिकित्सक और अन्य स्टाप से जानकारी चाही गई, तो कोई विशेष जानकारी नहीं मिली। इस संस्था के प्रभारी डॉ. ओम टंडन है जो बीएएमएस है। हरिभूमि टीम दो बार पहुँची और दोनो दिन संस्था के प्रभारी अस्पताल में नहीं मिले। इस मामले में गाँव वालों से बात किया तो नई जानकारियाँ सामने आई। ग्रामीणों ने जो खुलासा किया, वो बहुत ही आश्चर्यजनक था।

**खास बातें**

- बीएससी नर्सिंग पढ़ी युवती को दिया जा रहा केवल 7000 रूपए
- एक माह से एंबुलेंस ठीक करवाने के नाम से है गायब, चालक भी लापता
- स्टाफ नर्स से नौकरी करवा रहे, परंतु किसी को नहीं दिया गया ज्वाइनिंग लेटर
- ग्रामीणों का कहना है कि स्वास्थ्य केंद्र दंडकवन बीमार है, इसे ठीक करने की जरूरत है



### अव्यवस्था का बना हुआ है आलम

ग्रामीणों ने बताया कि यह अस्पताल लगभग आठ साल पहले खुला था और एक एनजीओं के द्वारा संचालन की बात कर्मचारी बताते थे। यहाँ पर बीएएमएस प्रभारी है और एमबीबीएस उसके नीचे काम कर रहा है। इसके अलावा तीन स्टाप नर्स है जिसमें दो शुरूआत के दिन से है, पहले उनको 12000 मानदेय दिया जाता था, उसके बाद उनका मानदेय बढ़ाकर 16500 किया गया है। इसके अलावा एक नई स्टाप नर्स को रखा गया है, वो बीएससी नर्सिंग की डिग्री होने के बावजूद केवल 7 हजार रूपएं दिया जा रहा है। तीनों स्टाप नर्स आसपास गांव की है, परंतु उनकी डिग्री के अनुसार उनको जितना मानदेय मिलना चाहिए, उतना मानदेय नहीं मिल पा रहा है, यह शोषण नहीं तो क्या है।

### स्टाफ नर्स को नहीं मिला है ज्वाइनिंग लेटर

स्वास्थ्य केंद्र दंडकवन में दो स्टाप शुरूआती दौर पर कार्य कर रही है और एक स्टाप नर्स एक साल पहले काम शुरू किया है। इनके पास किसी भी तरह का कोई लिखित में काम करने का आदेश नहीं है। फोन के माध्यम से इन स्टाप से बात किया तो उनका कहना था कि मुझे किसी भी तरह को कोई ज्वाईनिंग आदेश नहीं मिला है। वास्तव में यह स्टाप किसके माध्यम से रखा गया है और यह स्टाप बीएसपी के कर्मचारी है या अन्य किसी एनजीओ के, यह काम करने वालों को ही नहीं पता है।

### एक माह से नहीं है एंबुलेंस

ग्रामीणों ने बताया कि विगत एक माह से ज्यादा समय हो गया है, यहाँ पर जो एंबुलेंस थी, उसे सुधरवाने के नाम पर बीएसपी प्रबंधन ले गए है। चालक सहित एंबुलेंस एक माह से स्वास्थ्य केंद्र दंडकवन में नही है। इसके बारे में कोई कुछ नहीं बता पा रहा है। काम करने वालों का कहना है कि एक माह पहले बीएसपी के अधिकारी काम करवाने के नाम पर ले गए, परंतु अभी तक वापिस नहीं आई है।


### अव्ययवस्था की किससे करें शिकायत

स्वास्थ्य केंद्र दंडकवन के बीमार होने पर इसके ईलाज के लिए किसके पास जाएं, यह रावघाट परियोजना से प्रभावित गांव के लोगों को नहीं पता है। रावघाट परियोजना से प्रभावित गांव के लोगों का कहना है कि रावघाट परियोजना बीएसपी के द्वारा संचालित है, परंतु बीएसपी के अधिकारी केवल नाम मात्र का अस्पताल खोल दिए है। आठ साल में इस अस्पताल में आज तक एक भी डिलेवरी नहीं हो पाई है, ऐसे में इस अस्पताल का औचित्य क्या है, ऐसे प्रश्नों के जवाब बीएसपी के अधिकारियों के पास नहीं है।

### उच्च अधिकारी से बात करके बताते हैं

स्वास्थ्य केंद्र दंडकवन के प्रभारी डॉ. ओम टंडन से इस विषय पर उनके मोबाईल पर बात किया गया तो उन्होने बताया कि इस संस्था का संचालन धनवंतरी जनकल्याण समिति रायपुर और बीएसपी के द्वारा संचालित किया जाता है। अव्यवस्था को लेकर उनसे बात करना चाहा तो सही जवाब नहीं मिलने पर उनसे समिति ओर बीएसपी के जिम्मेदार अधिकारी के मोबाईल नंबर और नाम की जानकारी चाही गई, परंतु उनके द्वारा कहा गया कि उच्च अधिकारियों से बात करके बताते है।

### पुलिया से बाइक टकराई युवक की हुई मौत



**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 60 मेनरोड पुलिया के पास दुर्घटना हुई थी। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रिफर किया गया। हायर सेंटर ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि 15 मार्च को मृतक संतोष कोमरा अपनी मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीआर 4397 से होली खेलने कापसी गया था। होली खेलकर घर वापिस आते समय शाम करीबन पौने 6 बजें पीव्ही 60 आश्रम के पास मेन रोड पुलिया में स्वयं मोटर सायकल तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टकराने से गिर गया। गिरने से चेहरा व सीना में चोट लगा था। शाम करीबन 6 बजें घर आया। डर के कारण घर में नहीं बताया और अपने घर में सो गया था। उसकी मां सीमका बाई ने देखा कि चेहरे व गाल फूला हुआ था, जिससे तत्काल ईलाज कराने गांव वालों के साथ सिविल अस्पताल पखांजुर ले जाकर भर्ती कराए। उपस्थित चिकित्सकों ने बेहतर ईलाज के लिए हायर सेंटर रिफर किया। रिफर करते समय रास्ते में संतोष कोमरा का मौत हो गया। आरोपी मोटर सायकल शेष पेज 12 पर

## दुर्गूकोंदल के मावा मोदोल लाइब्रेरी पहुंचीं विधायक सावित्री, छात्रों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गूकोंदल



जिला प्रशासन द्वारा विकासखंड मुख्यालय दुर्गूकोंदल में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए सुविधा प्रदान करने के लिए मावा मोदोल लाइब्रेरी प्रारंभ किया गया है। अध्ययन करने वाले युवाओं से मिलने के लिए क्षेत्र की विधायक सावित्री मंडावी मावा मोदोल पहुँची और छात्रों से रूबरू हुई।

मावा मोदोल पहुँची विधायक ने अध्ययन करने वाले छात्रों से बात किया और इसे बेहतर कैसे बनाया जाए, इस पर भी चर्चा किया। अध्ययन करने वाले छात्रों ने मावा मोदोल लाइब्रेरी में गर्मी के मौसम के अनुरूप एसी, टीन का शेड, इन्वर्टर तथा सीसीटीवी कैमरा की मांग रखी गईं, जिस पर विधायक ने तत्काल टेलीफोनिक चर्चा कर जिला पंचायत सीईओ को एसी व शेड निर्माण करने का निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ ने जल्द से जल्द उक्त व्यवस्थाओं को करने का आश्वासन दिया। पेयजल की भी समुचित उपलब्धता का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। प्रतिभागियों के मांग पर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के पुस्तक व अंग्रेजी माध्यम की पुस्तकें भी विधायक द्वारा प्रदान करने का आश्वासन दिया गया। विधायक ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा अंदरूनी ईलाके में जो पहल किया है, यह काबिले तारीफ है। छात्रों को जो कमियाँ महसूस हो रही है, उनको अब पूरा करने की जरूरत है। सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं व्याख्याता ललित नरेटी ने विधायक श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी को मावा मोदोल लाइब्रेरी के विभिन्न बुनियादी समस्यायों और सुविधाओं के संबंध में अवगत कराया।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई, पूर्व जनपद सदस्य मुकेश्वरी नरेटी, महत्तम दुग्गा, भानुप्रतापपुर जनपद अध्यक्ष सुनाराम तेता, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील पाढ़ी, ब्लाक कांग्रेस कमेटी भानुप्रतापपुर के अध्यक्ष बिरेंद्र सिंह ठाकुर, घनश्याम ठाकुर, हृदय बघेल उपस्थित रहे।

## बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को दी पौष्टिक आहार की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुधावा



दुधावा सेक्टर के अंतर्गत ग्राम पंचायत धनोरा एवं ग्राम पंचायत दुधावा के आंगनबाड़ी केंद्रो में पोषण पखवाड़ा मनाया गया। बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को जानकारी दिया गया।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों और माताओं को बेहतर पोषण देना, टेक्नोलॉजी के जरिए जुड़ाव बढ़ाना, बच्चों में कुपोषण एवं एनीमिया जैसे नई चुनौतियों से निपटने के बारे में जानकारी दी गई। पोषण पखवाड़ा दिवस मनाने का प्रमुख उद्देश्य बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार प्रदान करना, नियमित स्वास्थ्य की जांच कराना है। सभी महिलाओं को संतुलित सक्रिय और स्वास्थ्य रहने का संदेश देना। इस अवसर पर दुधावा सेक्टर के सुपरवाइजर कुंती साहू एवं दुधावा सेक्टर के अंतर्गत आने वाले आंगनबाड़ी कार्यकर्ता दामिन साहू, रुक्मणी साहू, मेनका साहू, अहिल्या बघेल, मंजूलता सरोज, कौशिल्या जैन, धनेश्वरी, गायत्री जैन, विद्या सागर कुंजाम एवं अन्य महिलाएं व बच्चे उपस्थित रहे।

### सेन महराज जयंती 25 को कोकपुर में मनाएंगे

**कांकेर।** जिला श्रीवास सेन समाज के तत्वावधान में शंत शिरोमणि सेन जी महाराज की 725 वी जंयती 25 अप्रैल को कांकेर ब्लाक के ग्राम कोकपुर में रखा गया है। समाज के मिडिया प्रभारी लोकेश्वर सेन ने बताया कि इस आयोजन को लेकर समाजीक भाईयों में उत्साह का माहौल है व बढ़ चढ़कर सहयोग कर रहें है। कार्यक्रम की तैयारी चल रही है। कार्यक्रम का शुरुआत 11 बजे नंदा जी सेन महराज की पूजा अर्चना कर किया जाएगा। उसके बाद दोपहर 12 बजे ग्राम में कलश यात्रा निकाली जाएगी जो पूरे ग्राम का भ्रमण करेगी। भोजन उपरांत 2 बजे से समाजिक पदाधिकारीयों का स्वागत सम्मान होगा।

## गाय, कुत्ता, बाइक और सायकिल के प्रवेश से मरीन ड्राइव हो रहा है कंडम





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

मरीन ड्राईव के बड़े गेट के अलावा छोटे गेट के खुले होने से गाय, कुत्ता, बाईक व सायकल घुस रही है, जिसके चलते विगत एक साल से इसकी हालत बद से बदतर होते जा रही है। नगरीय निकाय के जिम्मेदार अधिकारी इस बदतर हालत को न तो देखने आते है और न ही सुधार करने के लिए आगे आ रहे है। सरकार बदल गई और नई टीम से कांकेरवासियों को आपेक्षा है कि इसका जीणोद्वार फिर से विधिवत ढंग से किया जाएं। शहर के मध्य ऐसी लापरवाही बरती जाने के कारण लोगों में आक्रोश भी देखने को मिल रहा है।

शहरवासियो के लिए सुकून के पल निकालने व सुबह-शाम वॉकिंग तथा व्यायाम आदि के लिए प्रशासन द्वारा शहर में कई स्थानों पर पार्क बनवाएं गए है, लेकिन समय के साथ उनकी देखरेख व रखरखाव के अभाव में उन पार्को की आज दुर्दशा हो गई है। सुबह शाम लोग मरीन ड्राईव में सुकून के पल गुजारते है, परंतु यहाँ का बड़े गेट के खुले रहने एवं छोटे गेट के टूट जाने से गाय, बाईक चालक, सायकल चालक व कुत्ते लगातार पहुँच रहे है। सुरक्षा के लिए चौकीदार लगाया गया था, परंतु विधानसभा चुनाव के बाद से गायब होने से इस डेढ़ साल में इसकी हालत बद से बदतर हो गई। डेढ़ साल में विधानसभा से लेकर नगरीय निकाय के चुनाव होते रहे और अधिकारी चुनाव में फंस गए, वहीं इस दौरान शहर के पार्क और मरीन ड्राईव का हालत बद से बदतर हो गई।

- मरीन ड्राइव की बिगड़ी व्यवस्था को देखने नहीं पहुंच रहे अफसर

मरीन ड्राईव पहुँचने वालों का कहना है कि शहर के मध्य में बना मरीन ड्राईव में शुरूआती दौर पर बहुत अच्छा लगता था, रात को चारों तरफ लाईट जलती थी। नगरीय निकाय के अमले की लापरवाही से लाईट चोरी हो गई या खराब हो गई। मरीन ड्राईव जगह जगह क्षतिग्रस्त हो गया। शहरवासियों की आपेक्षा है कि इसे पहले जैसे बनाया जाए और नई नगरपालिका टीम को इसके लिए आगे आना चाहिए।

## रात में सड़क दुर्घटना की बनी रहती है आशंका

# राष्ट्रीय राजमार्ग तीस पर जानवरों के जमावड़े से हादसे की आशंका, रात में चालकों की मुसीबत बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

कांग्रेस सरकार ने सड़कों पर गाय व अन्य जानवर सड़कों पर न जाएं, इसलिए रोका छेका अभियान चलाया। सरकार का रोका छेका अभियान विगत पाँच साल फेल रहा। भाजपा सरकार को सत्ता में बैठे डेढ़साल हो गए, परंतु इस समस्या के निदान के लिए आज तक कोई बड़ी पहल नहीं हो पाई और न ही इस समस्या के निदान के लिए कोई पहल नहीं हो पा रही है। रात व दिन में राष्ट्रीय राजमार्ग 30 मेंजहाँ चाहे वहाँ पर गाय व अन्य जानवर नजर आ जाते है और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। चालकों की मानें तो सदैव

- रोका छेका अभियान केवल कागजी शोभा



दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। कांग्रेस सरकार का रोका छेका अभियान को चलाया, परंतु इस पर गंभीरता से काम नहीं होने के कारण यह अभियान पूरी तरह से कांकेर शहर में फेल हो गया था। सरकार के जाते ही कागजों में चल रहा रोका छेका अभियान के कागज भी गायब हो गए। भाजपा सरकार को सत्ता में बैठे डेढ़ साल हो गए, परंतु सड़को पर बैठने वाले गाय एवं अन्य जानवरों को हटाने के लिए कोई रणनीति नहीं बना पाई। रात को सड़को पर जानवरों की संख्या ज्यादा रहती है वहीं इस मार्ग में चलने वाले भारी वाहन के चालक परेशान होते है, कई बार वाहन चालक वाहनों को रोककर सड़क के मध्य में बैठने वाले जानवरों को हटाने के लिए मजबूर होते है, यह दृश्य रात को प्रतिदिन देखने को मिल जाएगा। इस समस्या के निदान के लिए सरकार के साथ-साथ कोई वर्ग सामने नहीं आ रहा है। पशु मालिकों की लापरवाही के चलते यह सब हो रहा है, उन पर किसी भी तरह की जिम्मेदारी आज तक तय नहीं की जा सकी और उसी का परिणाम रहा कि यह अव्यवस्था आज तक बनी हुई है।

### शहर के कई स्थल चिन्हांकित

कांकेर शहर के कई स्थल चिन्हांकित है, जहाँ पर दिन व रात में गाय व अन्य जानवर नजर आ जाते है। दूध नदी पुल पर दिन में जानवर नजर आते रहते है। रात में ऊपर नीचे रोड, श्रीराम हास्पिटल के पास, घड़ी चौक, बरदेभाटा तिराहा जैसे कई स्थल है, जहाँ पर ऐसे जानवर नजर आ जाते है।

## जेसीबी की टक्कर से पिता-पुत्र घायल, चालक पर मामला दर्ज

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत ग्राम खरथा के टॉवर पर जेसीबी वाहन के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मोटर सायकल में सवार पिता-पुत्र को जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर से दोनो मोटर सायकल समेत जमीन में गिर घायल हो गए। थाना में शिकायत करने पहुंचे सराधुनवागांव निवासी 35 वर्षीय देवेन्द्र कुमार नागवंशी पिता पून्नू लाल नागवंशी ने पुलिस को बताया कि 7 अप्रैल को स्वयं के मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीयू 3135 में सवार होकर निजी काम से अपने 11 वर्षीय बेटे सालिक राम के साथ ग्राम खरथा गए थे। काम खत्म कर शाम लगभग साढ़े 6 बजे वापस घर सराधुनवागांव जा रहे थे। ग्राम खरथा के टॉवर के पास पहुंचे थे कि सामने से आ रही आरोपी जेसीबी चालक रतेसरा निवासी जयंत सिंहा द्वारा जेसीबी वाहन को तेज गति से लहराते हुए लापरवाही पूर्वक चला



रहा था और मेरे मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मैं और मेरा बेटा सालिक मोटर सायकल समेत जमीन पर गिर गए। जमीन में गिरने से मेरे दाहिना हाथ, पैर व सिर में चोट लगा तथा मेरे बेटे सालिक राम को दाहिना पैर व हाथ में चोट लगा, जिसका उपचार चारामा अस्पताल में कराने के बाद चिकित्सक की सलाह से उचित उपचार के लिए हायर सेंटर रिफर करने का सलाह दिया गया। चिकित्सकीय सलाह पर धमतरी के अस्पताल में भर्ती होकर उपचार करवाया हूं। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी जेसीबी चालक जयंत सिंहा के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

**खबर संक्षेप**

## अपूर्वा को मिला सर्वोच्च कृषि नवाचार सम्मान



**कोण्डागांव**। नारी–शक्ति और कृषि नवाचार की नई मिसाल कोंडागांव निवासी अपूर्वा त्रिपाठी को देश का वुमन एग्री–इनोवेटर ऑफ द ईयर अवार्ड – 2025 समेत कई राष्ट्रीय–अंतरराष्ट्रीय सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान उन्हें बौद्धिक संपदा कानून एवं बिजनेस कानून में डबल एलएलएम की डिग्रियाँ प्राप्त करने के पश्चात भी कॉर्पोरेट दुनिया छोड़कर जनजातीय महिलाओं के पारंपरिक कृषि एवं चिकित्सा पद्धतियों को अपनाते हुए बस्तर की धरती से जुड़ने के उनके अद्वितीय प्रयासों के लिए प्रदान किया गया है। इस अवसर पर रायपुर स्थित जय जोहार साहित्य एवं संस्कृति संस्थान एवं वैभव प्रकाशन द्वारा छत्तीसगढ़ की नारी–शक्ति पर केंद्रित बहुप्रतीक्षित पुस्तक 'कोसलपुत्री' के द्वितीय खंड सहित चार अन्य पुस्तकों का भव्य विमोचन किया गया।

## 4.72 करोड़ का जलकर बकाया वसूली अभियान होगा तेज

**जगदलपुर**। वित्तीय वर्ष 2024-25 की जलकर वसूली कम है वर्ष पूर्व के बकाया व वर्तमान वित्तीय वर्ष के जलकर की शत प्रतिशत वसूली करने सोमवार से अभियान चालू किया जाएगा। 4 करोड़ 72 लाख 72 हजार जलकर वसूली की जाएगी। नगर पालिका निगम जगदलपुर के पीएचई अमले द्वारा अभियान चलाकर जलकर वसूली की जाएगी। जिसके तहत शनिवार को पीएचई ऑफिस में जल कार्य सभापति सुरेश गुप्ता एवं राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा की उपस्थिति में पीएचई के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की गई।

# आत्मानंद स्कूल के विद्यार्थियों ने जगदलपुर के विभिन्न स्थलों का किया शैक्षणिक भ्रमण

## दंतेश्वरी एयरपोर्ट में बच्चों को मैनेजमेंट संबंधी जानकारी दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनोरा

राज्य समग्र शिक्षा रायपुर के राष्ट्रीय अविष्कार अभियान अंतर्गत पीएम श्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय के कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों ने 18 अप्रैल को शैक्षणिक यात्रा के दौरान जगदलपुर के दंतेश्वरी एयरपोर्ट का भ्रमण किया। इस दौरान बच्चों ने सेक्युरिटी चेकिंग,विमान लेंडिंग,टेकऑफ,रनवे इत्यादि को करीब से निहारा । एयरपोर्ट के चीफ सेक्युरिटी ऑफ़सिर ने इससे सम्बन्धित बिंदुओ को बताया जो कि रोचक तथा महत्वपूर्ण था। इस दौरान बच्चों ने एयरपोर्ट के मैनेजमेंट को जाना एवं समझा। इसके बाद जगदलपुर स्थित रेलवे का भ्रमण किया,जहां टिकट काउंटर,स्टेशन एवं रेल को करीब से देखा। इस शैक्षणिक यात्रा से विद्यार्थियों ने विज्ञान के तकनीक, आधुनिक चिकित्सा विज्ञान तथा ऐतिहासिक धरोहरों एवं स्मारकों को करीब से आनंद एवं रुचि के साथ देखा-सीखा। इस प्रकार शैक्षणिक भ्रमण ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक और अविस्मरणीय रहा।

### मेडिकल के विभिन्न वार्डों में पहुंचे

फिर विद्यार्थियों ने मेडिकल कालेज जगदलपुर का भ्रमण किया जहाँ पर उन्होंने वहां स्थित विभिन्न वार्डों जिसमें, पंजीयन,आपातकालीन,ब्लड बैंक,ऑपरेशन एवं कालेज में अध्ययरत डॉक्टरर्स के कक्षाओं को करीब से देखा एवं समझा। तदुपरान्त विद्यार्थियों ने मध्यान्ह में रुचि पूर्ण भोजन का आनंद लिया। इसके पश्चात सभी ने मां दंतेश्वरी मंदिर जगदलपुर का दर्शन किया एवं वहां स्थित रियासत कालीन रजवाड़े को करीब से देखा।




### इनका रहा सहयोग

शैक्षणिक भ्रमण में संस्था के प्राचार्य के.आर.प्रधान की महती भूमिका रही, जिनके निर्देशन में विद्यालय के शिक्षक/शिक्षिका स्टॉफ एस. के.नाग,व याख्याता, पी.के. कोमा, व्याख्याता, जे.के साहू, व्याख्याता, अरुण एक्का, व्याख्याता, कविराज साहू, व्याख्याता, श्रीमती झरना पटेल, व्याख्याता, श्रीमती शिल्पा शर्मा, व्याख्याता, श्रीमती मोनेश्ववरी साहू ,व्या प्रशिक्षण एवं विद्यालय के समस्त स्टॉफ के शिक्षक/शिक्षिकाओं का भरपूर सहयोग रहा।

## निरीक्षण : सभी के अधिकारों की सुरक्षा के लिए किया निर्देशित

# सखी वन स्टॉप सेंटर प्राधिकरण के पदाधिकारियों ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

महिलाओं की सुरक्षा एवं उन्हें सशक्त बनाने के उद्देश्य से सखी वन स्टॉप सेंटर कोण्डागांव का निरीक्षण जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पदाधिकारियों ने किया। निरीक्षण श्रीमती किरण चतुर्वेदी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। निरीक्षण दल का नेतृत्व सुश्री गायत्री साय सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव तथा सुरेन्द्र भट्ट, प्रतिधारक अधिवक्ता ने किया।

- सभी पीड़ित महिलाओं को संवेदनशीलता और समर्पण के साथ शासन की सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं

इस दौरान महिलाओं को प्रदान की जा रही विभिन्न सेवाओं जैसे कि कानूनी सहायता, चिकित्सा सेवा, मनोवैज्ञानिक काउंसलिंग, आश्रय सुविधा तथा पुलिस सहायता का विस्तृत जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव ने आश्रय ले रही महिलाओं से संवाद कर उनकी समस्याओं को समझा। केन्द्र की कार्यप्रणाली का मूल्यांकन किया। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी पीड़ित महिलाओं को शासन द्वारा प्रदत्त समस्त सुविधाएं संवेदनशीलता और समर्पण के साथ उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही, जिन महिलाओं को कानूनी सहायता की आवश्यकता है, उनके आवेदन तैयार कर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव को भेजे जाएं ताकि उन्हें निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जा सके।



**ये रहे उपस्थित** – इस अवसर पर पारेश्वर देवांगन, अधिकार मित्र सहित सखी वन स्टॉप सेंटर के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# पूर्व सैनिक परिषद ने तात्याटोपे की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, कोंडागांव के द्वारा आज 18 अप्रैल को भारतीय स्वाधीनता संग्राम के महानायक तात्या टोपे की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत तात्या टोपे के छायाचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। उपस्थित जनों ने उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की तथा तात्या टोपे अमर रहें और भारत माता की जय के नारों से वातावरण को देशभक्ति से ओतप्रोत कर दिया।

**तात्याटोपे 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी योद्धा** – इस अवसर पर बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा ने युवाओं को संबोधित करते हुए तात्या टोपे के साहस और बलिदान की गाथा सुनाई। उन्होंने बताया कि तात्या टोपे को 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम का अग्रणी योद्धा माना जाता है। वह नाना साहिब के परम भक्त और विश्वासपात्र थे, जिन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ अनेक निर्णायक लड़ाइयों का नेतृत्व किया। उन्होंने जनरल विंडहैम को कानपुर से खदेड़ा और झांसी की रानी लक्ष्मीबाई को ग्वालियर की रक्षा में सहयोग दिया।

**करीब 150 युद्धों में भाग लेते हुए लगभग 10,000 ब्रिटिश सैनिकों को किया परास्त** – जिलाध्यक्ष सूरज यादव ने तात्या टोपे के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनका जन्म 1814 में नासिक, महाराष्ट्र में पांडुरंग राव टोपे एवं रुखमाबाई के घर हुआ था। वह नाना साहब के अभिन्न मित्र और सहयोगी थे। अपनी गुरिल्ला युद्धनीति के बल पर उन्होंने अंग्रेजों को लंबे समय तक परेशान रखा और करीब 150 युद्धों में भाग लेते हुए लगभग 10,000 ब्रिटिश सैनिकों को परास्त किया।




**उपस्थित रहे ये** – कार्यक्रम में परिषद के संरक्षक सुब्रत साहा, जिलाध्यक्ष सूरज यादव सहित बड़ी संख्या में निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवक–युवतियां उपस्थित रहे। सभी ने तात्या टोपे के आदशोंर् को आत्मसात कर राष्ट्रसेवा का संकल्प लिया।

# आजादी के बाद पहली बार पोरोवाड़ा में पहुंची बिजली

### विद्युत कंपनी ने नियद नेल्लानार योजना से गांव के 18 घरों को किया रौशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



देश को आजादी मिले 76 साल हो गए हैं, लेकिन आजादी के इतने साल बाद जाकर अब बस्तर संभाग अंतर्गत बीजापुर जिले के भैरमगढ़ ब्लॉक के पोरोवाडा गांव में पहली बार बिजली आई है। दशकों के बाद पहली बार अपने गांव में रोशनी देखकर गांव वालों के चेहरे पर जबरदस्त खुशी है। इस गांव में आजतक बिजली नहीं पहुंची थी, ऐसे में जिस तरह से पहली बार इस गांव में बिजली पहुंची है, उसने यहां के लोगों के जीवन में सही मायने में आजादी लायी है। गांव के ग्रामीणों ने कहा कि हम बहुत खुश हैं कि पहली बार हमारे गांव में बिजली आई है, आखिरकार गांव में इतने साल बाद पहली बार बिजली आई है, अब हमारे बच्चे भी पढ़ाई कर सकते हैं और जीवन में आगे बढ़ सकेंगे। गांव में आज से पहले कभी बिजली नहीं आई, जिसकी वजह से हमे बिजली के लिए अलग-अलग सहारों की मदद लेनी पड़ती थी, हमे कई कामों में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब गांव में बिजली आने से गांव में विकास काफी तेजी से आएगा। विद्युत कंपनी को ओर से प्राप्त जानकारी के अनुसार कंपनी ने विकासखंड भैरमगढ़ के अंतर्गत नियद नेल्लानार योजना के ग्राम पोरोवाडा को उजीर्कृत किया गया, जिसमें गांव के 18 घरों बिजली आपूर्ति प्रदाय किया गया।

### डीई, एई, जेई को दिए निर्देश

*विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने इस संबंध में बताया कि क्षेत्र के डीई, एई, जेई को निर्देश दिया कि वे उपभोक्ताओं की बिजली संबंधित समस्याओं का निराकरण करें।*

# जेसीबी की टक्कर से पिता-पुत्र घायल, चालक पर मामला दर्ज

**कांकेर**। चारामा थानांतर्गत ग्राम खरथा के टॉवर पर जेसीबी वाहन के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मोटर सायकल में सवार पिता-पुत्र को जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर से दोनो मोटर सायकल समेत जमीन में गिर घायल हो गए। थाना में शिकायत करने पहुंचे सराधुनवागांव निवासी 35 वर्षीय देवेन्द्र कुमार नागवंशी पिता पून्नू लाल नागवंशी ने पुलिस को बताया कि 7 अप्रैल को स्वयं के मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीयू 3135 में सवार होकर निजी काम से अपने 11 वर्षीय बेटे सालिक राम के साथ ग्राम खरथा गए थे। काम खत्म कर शाम लगभग साढ़े 6 बजे वापस घर सराधुनवागांव जा रहे थे। ग्राम खरथा के टॉवर के पास पहुंचे थे कि सामने से आ रही आरोपी जेसीबी चालक रतेसरा निवासी जयंत सिंहा द्वारा जेसीबी वाहन को तेज गति से लहराते हुए लापरवाही पूर्वक चला रहा था और मेरे मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मैं और मेरा बेटा सालिक मोटर सायकल समेत जमीन पर गिर गए। जमीन में गिरने से मेरे दाहिना हाथ, पैर व सिर में चोट लगा तथा मेरे बेटे सालिक राम को दाहिना पैर व हाथ में चोट लगा, जिसका उपचार चारामा अस्पताल में कराने के बाद चिकित्सक की सलाह से उचित उपचार के लिए हायर सेंटर रिफर करने का सलाह दिया गया। चिकित्सकीय सलाह पर धमतरी के अस्पताल में भर्ती होकर उपचार करवाया हूं।



# पदोन्नति पर शिक्षिका का स्वागत कर संकुल चिलपुटी में दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

संकुल चिलपुटी के अंतर्गत प्राथमिक शाला दाबड़ीबेड़ा में कार्यरत श्रीमती सोनकुवर कंवर के प्रधान पाठक पद पर पदोन्नति होने के उपलक्ष्य में भव्य विदाई एवं स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संकुल चिलपुटी के समस्त शिक्षक–शिक्षिकाएं एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**चिलपुटी में बिताए गए 7 वषोंर् की स्मृतियों को किया साझा** – विदाई समारोह में श्रीमती कंवर ने अपने उद्बोधन में चिलपुटी में बिताए गए 7 वषोंर् की स्मृतियों को साझा करते हुए बताया कि बच्चों एवं सहकर्मियों से उनके भावनात्मक रिश्ते कितने गहरे हैं, इसका प्रमाण उन्हें पहनाई गई विशाल माला और इस आत्मीय आयोजन से मिला। उन्होंने सभी शिक्षकों को आध्यात्मिक जीवन से जुड़ने की प्रेरणा देते हुए कहा कि जब हम आध्यात्मिक –ष्टिकोण से बच्चों को समझेंगे, तो उनके सवांर्गीण विकास में और अधिक प्रभावी भूमिका निभा सकेंगे।



**समारोह सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में हुआ संपन्न** – इस अवसर पर संकुल में नए प्रधान पाठक एवं शिक्षिका के रूप में नियुक्त कु. मोनिका भार्गव एवं श्रीमती ललिता साहू का भी गर्मजोशी से स्वागत किया गया। दोनों शिक्षिकाओं ने अपने उद्बोधन में टीम भावना से कार्य करने एवं संकुल परिवार को एक नई दिशा देने के संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम के अंत में संकुल एवं शाला परिवार की ओर से श्रीमती कंवर को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह स्नेह और सौहार्द्र के वातावरण में संपन्न हुआ।

### यूपी के नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद व बाबा भीमराव आंबेडकर के नाम सोशल मिडिया में किया गया था आपत्तिजनक पोस्ट

# भीम आर्मी ने सामाजिक सौहार्द्र बिगाड़ने वाले के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

उतरप्रदेश के नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद व बाबा भीमराव अंबेडकर के नाम अभद्र टिप्पणी एवं आपत्तिजनक पोस्ट सोशल मीडिया पर करने वाले अटल आवास कालीपुर निवासी विनोद चतुर्वेदी के खिलाफ भीम आर्मी द्वारा शनिवार को कोतवाली थाना में शिकायत दर्ज कराया गया। दर्ज शिकायत में बताया कि उक्त युवक द्वारा अपने फेसबुक आईडी में जान बूझकर दलित समुदाय को अपमानित कर उनके भावनाओं ठेस पहुंचाने एवं सोशल मीडिया में भड़काने से संबंधित अभद्र टिप्पणी व आपत्तिजनक पोस्ट किया गया है जिसमें दलित समुदाय के लोगों में काफी आक्रोश है।

- पोस्ट करने वाले को गिरफ्तार करने एसपी व कोतवाली थाना में दर्ज कराई शिकायत

भीम आर्मी व सर्व अनुसूचित जाति समाज के पदाधिकारीयों ने सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार करने कि मांग कि है। भीम आर्मी के संभागीय अध्यक्ष सोयल नाग ने बताया कि विनोद चतुर्वेदी ने जानबूझ नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद एवं मुस्लिम समाज के ऊपर छाया चित्र को अभद्रता पूर्वक पोस्ट किया है जिसने हमारे भीम आर्मी के पदाधिकारियों को आघात पहुंचा है। शिकायत में कहा कि उक्त व्यक्ति द्वारा बस्तर में अशांति फैलाने का प्रयास किया जा रहा है तथा आपस में एक दूसरे के प्रति द्वेष कि भावना पैदा कर रहा है ऐसे भड़काऊ लोग बस्तर के लिए हानिकारक है जिसके लिए हम एफआईआर दर्ज कराते हुए गिरफ्तार करने कि मांग करते है।



सर्व अनुसूचित जाति समाज के जिलाध्यक्ष विक्रम लहरे ने कहा कि हमारे बस्तर में सुन्दर और शांत लोग है एवं यहां सभी समाज के लोग भाई चारा के साथ रहते है जो धर्म, मजहब एवं सभी के गुरु, संतों व सभी धर्मों का सम्मान करते है मगर यहां विनोद चतुर्वेर्दी द्वारा लगातार हमारे महापुरूषों को लेकर लगातार फेसबुक आईडी में आपत्तिजनक एवं अभद्र व्यवहार से पोस्ट किया जा रहा है और अब इन्होंने सांसद चंद्रशेखर आजाद व बाबा भीमराव अंबेडकर के नाम को लेकर अभद्र टिप्पणी किया है जो उनकी नफरत कि मंशा को दशार्ता हैं जिस बाबा भीमराव अंबेडकर के नाम को उसने अभद्र टिप्पणी कि है उन्हीं बाबा सहाब ने संविधान बनाया है और संविधान में अभद्र एवं आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर शीघ्र गिरफ्तार किया जाए।

### पांच दिन का अल्टीमेटम नहीं तो आंदोलन

भीम आर्मी व सर्व अनुसूचित जाति समाज ने कहा कि पोस्ट करने वाले के खिलाफ धारा 66 ए, दूरसंचार, माध्यम से आपत्तिजनक पोस्ट भेजना एवं 153 ए, 295 ए सामाजिक समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने एवं किसी समाज को अपमानित करने कि मकसद से टिप्पणी करना तथा धारा 356 के मुताबिक व्यक्ति कि प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने वाले के ऊपर प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर सख्त कानूनी कार्रवाई करने कि मांग करते है। अगर 5 दिवस के भीतर कार्रवाई नहीं होने पर हम दलित आंदोलन कर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

शिकायत दर्ज कराने के दौरान भीम आर्मी के संभागीय अध्यक्ष सुयल नाग, जिलाध्यक्ष मनोहर दास मानिकपुरी, सर्व अनुसूचित जाति समाज के जिलाध्यक्ष विक्रम लहरे,अखिल भारतीय परिसंघ अध्यक्ष सतीश वानखड़े, प्रवक्ता सुभाष मेश्राम, आल मुस्लिम समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी वसीम अहमद, गुपत नाग, राम प्रसाद बौद्ध, कीर्तिवास बघेल, हिमांशु नेताम, श्याम बघेल, महेश्वर बघेल, मोहसिन खान, रौशन कुमार, अल्ताफ खान, रवी चरण, अजीब रजा, फैजल नवीं व अन्य मौजूद थे।

## पेज 11 के शेष

### पुलिया से बाइक..

क्रमांक सीजी 19 बीआर 4397 के चालक मृतक कोमरापारा बारदा निवासी 22 वर्षीय संतोष कोमरा पिता बैसाखु कोमरा के खिलाफ पुलिस ने धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

### लौह अयस्क...

स्वास्थ्य सुविधा के लिए अच्छे अस्पताल खुलेंगे, पर्यावरण संरक्षण के लिए विशेष प्रयास होगा। किंतु ऐसा कुछ भी नहीं हुआ और क्षेत्र की जनता अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही है। शिवसेना कार्यकर्ता रावघाट लौह अयस्क परियोजना के अधिकारियो से मिलकर क्षेत्र में सर्वांगीण विकास, उच्च शिक्षा, अच्छे स्वास्थ्य सुविधा के लिए अस्पताल, स्थानीय लोगों को पर्याप्त मात्रा में नौकरी, रोजगार की मांग करेंगे। उक्त बातें शिवसेना नेता रामनारायण उसेंडी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कही।

# वन सीमा सुरक्षा सप्ताह में जारी है मुनारा का सत्यापन, एसडीओ ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर जिले में वन विभाग के 9 परिक्षेत्र में वन सीमा सुरक्षा सप्ताह अंतर्गत मुनारा सत्यापन कार्य किया जा रहा है। इसमें डीएफओ के निर्देश पर तीन एसडीओ एवं 9 रेंजर कर्मचारियों के साथ जुटे हुए हैं, एसडीओ समय-समय पर स्थल में पहुंचकर निरीक्षण कर रहे है। हॉल ही में वन कर्मियों की टीम परिक्षेत्र करपावंड उप परिक्षेत्र छिंदगांव परिसर फरसरा पहुंची। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख रायपुर पत्र द्वारा जगदलपुर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा, वन मंडल अधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता निर्देश पर एसडीओ देवलाल दुग्गा, योगेश कुमार रात्रे, आईपी बंजारे, 9 परिक्षेत्र अधिकारी अपने कर्मचारियों के साथ वन सुरक्षा में वन सीमा संधारण के महत्व को देखते हुए वनों की सीमाओं का शत-प्रतिशत निरीक्षण, सत्यापन करने हेतु प्रतिवर्ष की भांति 18 अप्रैल से 24 अप्रैल की अवधि को वन सुरक्षा सप्ताह के रूप में मनाए जा रहे है। इस दौरान वन सीमाओं के सत्यापन का कार्य किया जा रहा है।

**खबर संक्षेप**

### ग्राम देवी की पूजा कर जात्रा में शामिल हुए विधायक



**घाटलोहंगा।** बस्तर विधानसभा क्षेत्र के विधायक लखेश्वर बघेल ने आज क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। ग्राम पंचायत दुबे उमरगांव के आश्रित ग्राम गुपनी में ग्राम देवी भोहरिया माता एवं गंगा दई माता के जात्रा में उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने मंदिर में विधि-विधान से पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। तत्पश्चात विधायक ग्राम पंचायत बागमोहली पहुंचे। जहां उन्होंने शोक कार्यक्रम में सम्मिलित होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### विधायक निधि से प्रदत्त टैंकर की पूजा अर्चना कर समिति के सदस्यों को सौंपा

# विधायक चैतराम ने युवाओं को दिया खेल का सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

क्षेत्र भ्रमण के दौरान क्षेत्रीय विधायक चैतराम अटामी गीदम जनपद पंचायत क्षेत्र के गुमलनार, मुस्तलनार, छोटे करका, बड़े करका, कासोली-1, कासोली-2, कोरलापाल, घोटपाल, पुरनतराई एवं जोडातराई पहुंचे।

विधायक चैतराम अटामी ने ग्रामीणों से मुलाकात किया, ग्रामीणों द्वारा विधायक चैतराम अटामी से विकास कार्यो के संबंध में चर्चा किया जिसे विधायक चैतराम अटामी ने गंभीरता से लेते हुए ग्राम पंचायतों के कार्यों को जल्द पूरा करवाने हेतु निर्देशित किया। विधायक चैतराम अटामी इस दौरान युवाओं से भी रूबरू हुए एवं उन्हें क्रिकेट किट, फूटबाल, वॉलीबाल एवं बैडमिंटन किट भेंट की। तत्पश्चात विधायक चैतराम अटामी ने प्रति वर्ष की भांति आयोजित परंपरागत गीदम मेले के लिये गणमान्य जनों के साथ बस्तर की आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी के दरबार पहुँच पूजा अर्चना कर सुख एवं समृद्धि की कामना की व गीदम मेले के लिए देवी को आमंत्रित किया। विधायक चैतराम अटामी ने भीषण गर्मी को देखते हुए मंदिर परिसर में विधायक निधि मद से प्रदत्त टैंकर की पूजा अर्चना कर समिति के सदस्यों को सौंपा। इस दौरान भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित रहे।





## हाई स्कूल ग्राउंड बना अघोषित अहाता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

पीने पिलाने का दौर खत्म होने के बाद शराब की बोतलों और अपने साथ लाई गयी तमाम चीजों को वही छोड़ देना जैसे नियति में शामिल हैं। ज्ञात हों की इसी खेल मैदान में स्थानीय खेल प्रेमियों द्वारा क्रिकेट, फुटबॉल आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता था, लेकिन साफ सफाई का अभाव एवं तोड़े गए बोतलों के टुकडो और आसपास फैले गंदगी के कारण किसी खेल आयोजन का करना लगभग असंभव हैं। सिमित संसाधनों और शासन - प्रशासन के उपेक्षा के बावजूद कई खिलाडी अपना भविष्य खेल में बनाने शिद्दत से जूटे रहते हैं, मगर आसमाजिक तत्व और शराबी बचेली में उपलब्ध खेल मैदान को ही अपना ऐशगाह बनाये हुए हैं।

मैदान में चारो और न ही बॉउंड्रीवाल हैं, न ही फैंसिंग जाली की किसी तरह की कोई व्यवस्था हैं, मुख्यद्वार का तो कोई सवाल ही नहीं हैं। शारबीयों द्वारा बे रोक टोक कभी भी कही भी बीच मैदान में महफिल सजाई जाती हैं।

## गुड फ्राइडे पर ईसाई समुदाय ने निकाली शांति रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

ईसाई धर्म के पवित्र दिन गुड फ्राइडे के अवसर पर बीजापुर नगर में ईसाई समुदाय ने श्रद्धा और शांति के साथ एक रैली का आयोजन किया। यह रैली नगर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी, जिसमें समुदाय के लोग प्रभु यीशु मसीह के बलिदान को याद करते हुए प्रार्थना और भक्ति में लीन रहे।

रैली की शुरुआत स्थानीय मेथोडिस्ट चर्च से हुई, जहां श्रद्धालु क्रूस के प्रतीक के साथ एकत्र हुए। इसके बाद यह शांति रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई कैथोलिक चर्च पहुंची, जहां विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। रैली में शामिल लोग गीत गाते हुए और प्रभु यीशु के प्रेम, क्षमा और करुणा के संदेश को फैलाते हुए आगे बढ़े।



इस अवसर पर कैथोलिक चर्च बीजापुर के फादर ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा, गुड फ्राइडे हमें प्रभु यीशु के बलिदान और उनके प्रेम व क्षमा के संदेश को याद करने का अवसर देता है। हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलकर समाज में शांति और एकता स्थापित करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने यह भी जोड़ा कि यह दिन आत्मचिंतन और प्रायश्चित का है, जिसमें हमें अपने जीवन में प्रेम और सद्भाव को अपनाना चाहिए।

रैली में ईसाई धर्म के कई धर्मगुरु और समुदाय के लोग शामिल हुए। गुड फ्राइडे के इस पवित्र दिन पर चर्चों में विशेष प्रार्थनाएं और उपवास भी रखे गए। समुदाय के लोगों ने प्रभु यीशु के अंतिम सात वचनों पर आधारित प्रार्थनाओं में हिस्सा लिया और उनके बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित की।यह रैली न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण थी, बल्कि इसने शहर में शांति और भाईचारे का संदेश भी प्रसारित किया। स्थानीय प्रशासन ने रैली के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे, जिससे यह आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।



## 43 वर्ष शिक्षकीय सेवा के बाद हुए सेवानिवृत्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

■ प्रधान पाठक को दी गई भावभीनी विदाई

भोंड बस्तर ब्लॉक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला आड़ावाल के प्रधान पाठक ज्ञानेंद्र आचार्य को 43 वर्षों की उल्लेखनीय शिक्षकीय सेवा के पश्चात भावभीनी विदाई दी गई। आचार्य ने वर्ष 1982 में सहायक शिक्षक के रूप में माशा नेंगानार दरभा ब्लॉक से अपने सेवाकाल की शुरुआत की थी। और पिछले 25 वर्षों से वे माशा आड़ावाल में पदस्थ थे। विदाई कार्यक्रम के दौरान संकुल के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं भावुक हो उठे। संकुल प्राचार्य एआर नोनहारे ने इस अवसर पर कहा कि शिक्षकीय पेशा एक साधना है और इस साधना से सेवानिवृत्त होना अपने आप में एक गौरव की बात है। आचार्य ने अपने 40 वर्षों के सेवा काल में बच्चों के भविष्य को गढ़ने का जो कार्य किया है, वह एक मिसाल है।

शिक्षक साथियों और विद्यार्थियों ने पुष्पगुच्छ और स्मृति चिह्न भेंट कर आचार्य के प्रति सम्मान प्रकट किया। कार्यक्रम में ग्रामीण जन, अभिभावक और स्कूल के पूर्व छात्र भी उपस्थित रहे और उन्होंने अपने संस्मरण साझा करते हुए ज्ञानेंद्र आचार्य के योगदान को याद किया। कार्यक्रम का समापन भावुक विदाई गीतों और आभार प्रदर्शन के साथ हुआ। समारोह में मंच संचालन शिक्षक शैलेन्द्र कुमार तिवारी ने किया।



## जर्जर नाली से बिजली खंभा झुका..

**जगदलपुर।** महारानी वार्ड में बंगीय समाज के दुर्गा मंडप के समीप नाली जर्जर होने से बिजली का खंभा झुक गया है। जहां खंभा टीका है वह स्कूल भवन है। बच्चे यहां पढ़ रहे हैं। जल्द खंभे को सुधारना जरूरी है अन्यथा कभी भी दुर्घटना घट सकती है। इस मार्ग पर काफी गहमा-गहमी रहती है। तीन दिन हुए खंभा को दुरूस्त नहीं किया गया है। बिजली विभाग के लोग पहुंचे नहीं है। बताया गया कि तेज बारिश से नाली का पानी सड़क में आ जाता है और सड़क में पानी भर जाने से आने जाने वालों को परेशानी होती है।



## पोषण क्रांति की ओर बीजापुर

### पहले 1000 दिन पर केंद्रित विशेष पखवाड़ा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कलेक्टर संबित मिश्रा के नेतृत्व में बीजापुर जिला एक नई पोषण क्रांति की ओर बढ़ चला है। जिले में 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य कुपोषण और एनीमिया के खिलाफ निर्णायक कदम उठाकर स्वस्थ भविष्य की नींव रखना है। इस विशेष अभियान का केंद्र बिंदु नवजात शिशुओं के जीवन के पहले 1000 दिन हैं। विशेषज्ञों के अनुसार यह समय शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। इसी को ध्यान में रखते हुए जिले की हर ग्राम पंचायत में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। आंगनबाड़ी केंद्र अब केवल बच्चों की देखभाल का स्थान नहीं, बल्कि पोषण ज्ञान के केंद्र बन चुके हैं। यहां गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और देखभालकर्ताओं को स्तनपान की महत्ता, शिशु आहार और स्वच्छता की आदतों की जानकारी दी जा रही है। विशेषज्ञ व्यक्तिगत परामर्श देकर व्यवहार में बदलाव लाने का प्रयास कर रहे हैं।




## 60 परिवारों को मिला नल कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिला मुख्यालय से लगभग 65 किलोमीटर दूर भोपालपटनम विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत तिमेड़ के आश्रित ग्राम भटपल्ली के निवासियों को अब शुद्ध पेयजल के लिए हैंडपंप पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत यहां हर घर नल कनेक्शन के माध्यम से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की गई है।

इस योजना के तहत ग्राम भटपल्ली के 60 परिवारों के 254 ग्रामीणों को समूह जल प्रदाय योजना के माध्यम से घर-घर नल कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व ग्रामीणों को पेयजल की पूर्ति के लिए 15 हैंडपंपों पर निर्भर रहना पड़ता था। ग्राम भटपल्ली को 8 अगस्त 2022 को ग्रामसभा के माध्यम से हर घर जल प्रमाणीकरण प्रदान किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच कु. मीना गोटा, सचिव राधा कोरमराका, ग्रामवासी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारीगण एवं जिला समन्वयक टोपेश्वर साहू उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर शत-प्रतिशत घरों में नल कनेक्शन की पुष्टि की। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों को जल जीवन मिशन की विस्तृत जानकारी दी और बताया कि यह योजना न केवल आज की आवश्यकता है, बल्कि आने वाले समय के लिए सुरक्षित जल की नींव भी है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि योजना के भविष्य में संचालन, संधारण और प्रबंधन की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत को सौंपी गई है।

## मेला समिति का किया गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

■ मेले के आयोजन को लेकर हुई बैठक, 3, 4 व 5 मई को तीन दिवसीय आयोजन

गीदम नगर पंचायत कार्यालय में गुरुवार को नगर में होने वाले तीन दिवसीय मेले के आयोजन को लेकर बैठक आयोजित की गई इस बैठक मेला समिति का गठन किया गया।

बैठक में दन्तेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी समेत नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना, नगर पंचायत उपाध्यक्ष माधुरी गुप्ता व अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं नगर के वरिष्ठ कनिष्ठ नागरिकगण भी मौजूद रहे। बैठक में मेला समिति का अध्यक्ष नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना को बनाया गया। वही उपाध्यक्ष माधुरी गुप्ता व मनकुराम लेकामी को बनाया गया। सचिव अंकित जैन, सहसचिव रजत दहिया व अनिल काँगदेलवार को बनाया गया है।

कोषाध्यक्ष कृष्णा नाग, सहकोषाध्यक्ष सूरज सिंह, सोहन यादव, संयोजक अभिमन्यु सोनी, सह संयोजक अनिल जार्ज, सुनील जैन, वही सांस्कृतिक प्रभारी, अवधेश गुप्ता व फूलसिंह ठाकुर को बनाया गया। गौरतलब है कि आगामी 3 , 4 व 5 मई को तीन दिवसीय गीदम मेले का आयोजन होना है जिसके लिए नगर पंचायत कार्यालय में बैठक कर मेला समिति का गठन किया गया। इस मौके पर जनपद उपाध्यक्ष दिनेश कौशल, नगर पंचायत के पार्षदगण, सर्व आदिवासी समाज से बोमडाराम, नगर पंचायत सीएमओ हुलसी प्रधान समेत नगर व आसपास के गांव के अन्य वरिष्ठ, कनिष्ठ नागरिकगण, ग्रामीणजन एवं जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे।



### 80 हजार की सहायता राशि स्वीकृत

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ नक्सलवाद पुनर्वास नीति के तहत नक्सलियों के द्वारा आम नागरिकों के चल सम्पत्ति अनाज, कपड़े घरेलू समान की लूट कर क्षति पहुंचाये जाने के फलस्वरूप जिला पुनर्वास समिति द्वारा ली गई निर्णय के पश्चात पीड़ति व्यक्तियों, परिवारों तथा आत्मसमर्पित नक्सलियों को पर्याप्त सुरक्षा एवं पुर्नवास के लिए प्रत्येक को 20-20 हजार रूपए कुल 4 पीड़ितों को 80 हजार रूपए की सहायता राशि स्वीकृती दी गई है।

### 4 लाख सहायता राशि स्वीकृत

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ नक्सलवाद पुनर्वास नीति के तहत आम नागरिकों के सम्पत्ति की आंशिक या पूर्ण रूप से क्षति, जीविकोपार्जन के साधन स्कार्पियो वाहन क्रमांक सीजी- 17 केडब्ल्यू 7937 को नक्सलियों के द्वारा बम विस्फोट कर क्षति पहुंचाये जाने के फलस्वरूप जिला पुनर्वास समिति द्वारा ली गई निर्णय के पश्चात पीड़ितों को पर्याप्त सुरक्षा एवं पुर्नवास के लिए 4 लाख रूपए की सहायता राशि स्वीकृती दी गई है।

## सांसद कश्यप पहुंचे रामपाल के लमनी माता मड़ई में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

विकासखंड बकावंड की ग्राम पंचायत रामपाल में लमनी माता वार्षिक मड़ई का आयोजन शुक्रवार को हुआ। मड़ई में में बस्तर सांसद महेश कश्यप मुख्य अतिथि थे।

सांसद महेश कश्यप ने ग्रामदेवी लमनी माता की पूजा अर्चना के पश्चात ग्रामीणों के साथ मड़ई में चल रहे सांस्कृतिक आयोजन का आनंद उठाया।बस्तर सांसद महेश कश्यप ने लोगों से मिलकर उनका कुशलक्षेम पूछा और गांव की समस्याओंकी जानकारी ली। कहा जाता है कि प्राकृतिक दोषों के निवारण हेतु लमनी माता की पूजा उत्सव के रूप में रामपाल गांव में हर साल मड़ई का आयोजन किया जाता है। इस दौरान जनपद अध्यक्ष सोनबारी भद्रे, सरपंच नीरू कश्यप काफी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे ग्राम के पकलू कश्यप अन्य ग्रामीणों से जानकारी मिली कि लमानी माता का वार्षिक मड़ई आदिकाल से आयोजित होता आ रहा है। सांसद महेश कश्यप ने लमनी माता की पूजा अर्चना कर रामपाल गांव और सुख समृद्धि बनाए रखने की प्रार्थना की। इस अवसर पर ग्राम के पाकलू कश्यप, पूरन कश्यप, दामोदर बघेल, प्रेम कश्यप, समल कश्यप, चंदन बघेल, लखमू बघेल और सभी ग्रामवासी उपस्थित थे।



## युवाओं को सशक्त बनाने की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में नवाचार की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए, दंतेवाड़ा जिला प्रशासन ने एक और प्रभावशाली पहल के तहत स्थानीय युवाओं को डिजिटल दुनिया से जोड़ने और उन्हें रोजगारोन्मुखी कौशल प्रदान करने के उद्देश्य से, नवगुरुकुल संस्था के सहयोग से शैक्षणिक सत्र 2025- 26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। यह कार्यक्रम पूर्णतः निःशुल्क एवं आवासीय है, जिसमें छात्रों को कंप्यूटर प्रोग्रामिंग, व्यावसायिक और पेशेवर कौशलों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि नवगुरुकुल का यह कार्यक्रम विशेष रूप से उन युवाओं के लिए डिजाइन किया गया है जो सीमित आर्थिक संसाधनों के बावजूद कोडिंग एवं बिजनेस एजुकेशन के क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहते हैं। इस प्रशिक्षण की अवधि 18 से 24 महीने की होगी, जिसमें छात्रों को निःशुल्क हॉस्टल, लैपटॉप, इंटरनेट और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। ज्ञात हो कि नवगुरुकुल द्वारा इसके पाठ्यक्रम को इस प्रकार से तैयार किया गया है कि प्रतिभागी प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद आत्मविश्वास के साथ रोजगार की दुनिया में प्रवेश कर सकें। मालूम हो कि अब तक दंतेवाड़ा जिले के शत प्रतिशत से अधिक छात्र इस कार्यक्रम में शामिल हो चुके हैं, जिनमें से 52 से अधिक छात्र देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में चयनित होकर रोजगार की दृष्टि से स्थापित हो चुके है। विशेष बात यह है कि नवगुरुकुल के इस प्रशिक्षण सत्र में केवल मौलिक अंग्रेजी ज्ञान पर्याप्त रखी गयी है। इस प्रशिक्षण सत्र में सभी युवक-युवतियों अपना दाखिला ले सकते है। हालांकि महिलाओं को इस में प्राथमिकता दी जाएगी, और अधिकतम आयु की कोई सीमा नहीं है। प्रवेश प्रक्रिया पारदर्शी और समावेशी रखी गई है। इसके लिए सबसे पहले एक स्क्रीनिंग टेस्ट आयोजित किया जाएगा, जो 8वीं कक्षा स्तर के गणितीय विषयों जैसे कि पैटर्न्स, प्रतिशत, कार्य और समय, तथा रैखिक समीकरणों पर आधारित होगा।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### प्रवेश परीक्षाओं के ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे 21 तक

**जगदलपुर।** शैक्षणिक सत्र 2025 में पीएटी, पीव्हीपीटी प्रवेश परीक्षा आयोजन हेतु छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा पीएटी, पीव्हीपीटी परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन देने हेतु संभावित परीक्षा का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। अभ्यर्थी व्यापम के पोर्टल में ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 21 अप्रैल की सायं 5 बजे तक है तथा संभावित परीक्षा तिथि 15 मई है।

### सूचना के अधिकार पर लगाई जाएगी कार्यशाला 23 को

**जगदलपुर।** सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के व्यापक प्रचार प्रशिक्षण हेतु संभाग स्तरीय कार्यालय के जन सूचना अधिकारी एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों के लिए अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन में आने वाली समस्या एवं शासन द्वारा जारी पोर्टल के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 23 अप्रैल को किया जाएगा। सुबह 10.30 बजे से कमिश्नर कार्यालय में कार्यशाला आयोजित की जाएगी।

### रेडक्रॉस सोसाइटी बस्तर पर्यावरण उप समिति की बैठक होगी 22 को

**जगदलपुर।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी बस्तर के पर्यावरण उप समिति की पहली बैठक 22 अप्रैल की दोपहर 3 बजे वन विद्यालय जगदलपुर के सभागार में रखी गई है। बैठक में पर्यावरण के विषय पर पर्यावरण प्रेमियों के सुझाव एवं मार्गदर्शन के आधार पर कार्ययोजना तय की जाएगी।

### मिचनार में 28 को पहुंचेंगे पं. विनायक शर्मा

**जगदलपुर।** हिन्दुत्व का प्रचार-प्रसार करते हुए शाश्वत ज्ञान हनुमान चालीसा के लेखक पं. विनायक शर्मा का 28 अप्रैल को ग्राम मिचनार में आगमन हो रहा है। जहां वे बैठक लेकर भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने के लिए किए जा रहे प्रयास को बताएंगे।

### अधिकारियों एवं जवानों ने किया रक्तदान

**जगदलपुर।** बीजापुर जिले के नैमेड़ में शनिवार को स्थित सीआरपीएफ की 222 वीं बटालियन द्वारा 14 वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास से मनाई गई। मूल चंद द्वितीय कमान अधिकारी द्वारा सर्वप्रथम बटालियन के क्वार्टर गार्ड में सलामी ली गई। उसके बाद बटालियन के अधिकारियों एवं जवानों को सम्बोधित किया। इस अवसर पर सुबोध कुमार द्वितीय कमान अधिकारी, बी. वेंकट रेड्डी उप कमाण्डेन्ट, ललित किशोर उप कमाण्डेन्ट, डॉ. अनंत कृष्णनन जे. एसएमओ, उप कमाण्डेन्ट, डॉ. राखी राज एसएमओ, उप कमाण्डेन्ट, वी. रविन्दर सहायक कमाण्डेन्ट, अधीनस्थ अधिकारी एवं सभी जवान उपस्थित रहे।

### 11वीं-12वीं के 70 विद्यार्थी विभिन्न शो रूम में दे रहे सर्विस

# सेजस पटौदल के ऑटोमोबाइल छात्रों का 10 दिवसीय इंटर्नशिप आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



शासकीय स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय पटौद में नवीन व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत संचालित व्यावसायिक ट्रेड ऑटोमोबाइल में अध्ययनरत 11 वीं एवं 12वीं के छात्र छात्राओं को 10 दिवसीय इंटर्नशिप कराया जा रहा है। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी समग्र शिक्षा वोकेशनल स्कूलों में इंटर्नशिप कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इंटर्नशिप का उद्देश्य विद्यार्थियों को ऑटोमोबाइल क्षेत्र में प्रायोगिक ज्ञान, सर्विसिंग एवं सेल्स के कार्य प्रणाली को बेहतर ढंग से समझने का अवसर देना है।

आयोजित इंटर्नशिप कार्यक्रम में ऑटोमोबाइल ट्रेड के व्यावसायिक प्रशिक्षक गौरव मिरानी ने बताया कि इस इंटर्नशिप में 11वीं एवं 12वीं कक्षा के 70 विद्यार्थी विभिन्न शोरूम एवं सर्विस सेंटर में कार्यरत हैं, जिनमें 10 छात्राएं शामिल हैं। इंटर्नशिप में इन्हें सेल्स एवं सर्विसिंग के कार्यों के साथ-साथ विभिन्न मशीनों उपकरणों को समझने एवं उन पर कार्य करने का अवसर मिल रहा है। छात्र डेंटिंग पेंटिंग, जनरल सर्विसिंग, वेल्डिंग प्री डिलीवरी इंस्पेक्शन, इंश्योरेंस एवं आरटीओ से संबंधित कार्य, वाहनों में विभिन्न नवीन तकनीक, वॉशिंग जैसे कार्य सीख रहे हैं, जिससे छात्रों के प्रायोगिक ज्ञान में वृद्धि होगी एवं अपने लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर बनाने में सक्षम होंगे। इंटर्नशिप करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि भी जारी की जाएगी। शिवनाथ महिंद्रा ट्रैक्टर्स के संचालक सुभाष झा एवं सर्विस मैनेजर अमरजीत यादव ने इंटर्नशिप से खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह विद्यार्थियों को प्रायोगिक ज्ञान देने का सबसे बेहतर विकल्प है एवं इसमें आगे भी सहयोग प्रदान करते रहेंगे। नीलम सुजुकी के संचालक निशांत प्रूथी ने छात्राओं को 10 दिवसीय इंटर्नशिप में सेल्स एवं सर्विस की विस्तृत जानकारी दी।

छात्र-छात्राओं को वाहनों के मरम्मत डेंटिंग पेंटिंग, कस्टमर केयर के गुर सिखाए एवं विद्यालय के लैब के लिए वाहनों के विभिन्न पार्ट्स, सर्विस मैन्युअल एवं जॉब कार्ड देने की बात कही जिससे छात्रों को विषय समझने और पार्ट्स पहचानने में आसानी हो। इंटर्नशिप के बाद विद्यार्थियों को विद्यालय स्तर पर प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराया जाएगा। विद्यालय के प्राचार्य डीएस निषाद के मार्गनिर्देशन में ऑटोमोबाइल के छात्रों को सैद्धांतिक के साथ-साथ प्रैक्टिकल ज्ञान के लिए समय-समय पर औद्योगिक भ्रमण, अतिथि व्याख्यान, ऑन जॉब ट्रेनिंग एवं इंटर्नशिप कराया जा रहा है, जिससे विषय के प्रति छात्र-छात्राओं की रुचि बढ़ी है।

# गर्मी से हलाकान लोगों को बारिश से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर में मौसम कब करवट लेता यह तय नही,तेज गर्मी के बाद एकाएक बारिश का अनुभव बस्तरवासी ने वर्षो से कर रहे है। शुक्रवार को सुबह से शाम तक आसमान खुला था,तेज धूप और भीषण गर्मी से लोग हलाकान थे। शाम होते मौसम ने करवट लिया और देखते देखते तेज अंधड़ और गरज-चमक के साथ बारिश होने लगी। लगभग एक घण्टे में 10 से 15 एमएम झमाझम बारिश हुई।

दिनभर गर्मी से हलाकान लोगो को बारिश से राहत मिली। हालांकि एकाएक हुई बारिश आज कुछ परिवार के लिए आफत बनकर आई। शहर में एक-दो जगह विवाह कार्यक्रम था,बारिश की वजह से वैवाहिक कार्यक्रम में बाधा पहुंची। हालांकि बारिश थमने का बाद परिजनों से राहत की सांस ली। इधर घण्टे भर हुई बारिश से शहर के अनेक सडको में जलजमाव की स्थिति निर्मित हुई। जिससे राहगीरो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इधर मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के वैज्ञानिकों के मुताबिक वायुमंडल में एक पश्चिमी विक्षोभ ऊपरी हवा के चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के रूप में उत्तर-पूर्व ईरान और उससे लगे अफगानिस्तान के ऊपर स्थित है तथा यहां 3.1 किलोमीटर से 9.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका दक्षिण पंजाब से झारखंड तक 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। बदूसरा द्रोणिका उत्तर मध्य महाराष्ट्र से मन्नार की खाड़ी तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

प्रदेश में कल दिनांक 19 अप्रैल को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने और वज्रपात होने की भी संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में वृद्धि का दौर लगातार रहने की संभावना है। एक द्रोणिका उत्तर पश्चिम राजस्थान से मन्नार की खाड़ी तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

# कैरियर काउंसलिंग में शामिल हुए अभिभावक, शिक्षक व बच्चे





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शनिवार दोपहर श्यामा प्रसाद मुखर्जी भवन टाउन हॉल में प्रख्यात मैनेजमेंट प्रोफेसर, करियर, लाइफ एवं पैरेंटिंग काउंसलर डॉ. सत्यवर्धन तिवारी ने कैरियर काउंसलिंग पर आयोजित सेमिनार ने कई महत्वपूर्ण टीप्स पालकों एवं शिक्षकों को दिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर वित्त आयोग अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी शामिल हुए। अशोक अरोरा, नंदकिशोर भदौरिया, नवरतन जलोटा, रमेश बुरड़, विजय हेलिवाल, डायरेक्टर हैम एकेडमी हनीफ बारवटिया, आदित्य विश्वविद्यालय के डॉ. अभिषेक कुमार त्रिपाठी एवं अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। हैम अकादमी के प्रिंसिपल एसएन जोशी ने इस आयोजन के महत्व पर प्रकाश डाला। कैरियर काउंसलिंग सेशन तीन पार्ट में हुआ जिसमें पेरेंट्स, टीचर्स एवं स्कूली बच्चों के विषय में संवाद हुआ। मुख्य विषय 21 वीं सदी में पैरेंन्टिंग एवं करियर की चुनौतियां व समाधान पर बोलते हुए डॉ. सत्यवर्धन तिवारी ने कहा कि बदलाव वहीं से शुरु होता है जहां सोच बदलती है। अच्छी सोच के साथ अपने बच्चों का भविष्य बदलने का समय आ गया है। हमें उनके कैरियर का चयन बच्चों की रूचि व सामर्थ्य को ध्यान में रखकर करना होगा साथ ही आत्मविश्वास, विश्लेषण और लक्ष्य की स्पष्टता रखनी होगी। बच्चों के साथ संवाद को बेहतर बनाना होगा साथ ही अनुशासन और अपनेपन का संतुलन बिठाना होगा। उन्होंने कहा कि आज कैरियर सिर्फ जानकारी नहीं दिशा और दृष्टिकोण से तय होता है। अभिभावकों ने भी श्री तिवारी से अपनी जिज्ञासाएं स्पष्ट तौर पर पुछीं और उन्होंने बेहद आसानी से उन्हें समझाया। इस अवसर पर हैम अकादमी की वाइस प्रिंसिपल डॉ आशा जोशी एवं स्कूल के टीचर्स, अभिभावक व बच्चें बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## आंगनबाड़ी में मना पोषण पखवाड़ा...



**नगरनार।** महिला जागृति शिविर पर नगरनार में 18 अप्रैल को आंगनबाड़ी में पोषण पखवाड़ा मनाया गया। महिलाओं और बच्चों के लिए और स्वयं ध्यान देने के लिए बताया गया। महिलाओं से 2 वर्ष तक बच्चों के देखभाल 1000 दिवस का थीम रहा। प्रदर्शनी द्वारा महिलाओं को बताया गया, पोषण रथ भी निकालकर रैली के रूप में भ्रमण किया गया। इसमें नगरनार सेक्टर के सुपरवाईजर दीपलता उईके, नगरनार के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कविता, उर्मिला, चालनी, रमा, सुप्रभा, राममनी, चन्द्रमा, राधामनी एवं ग्राम की महिला शामिल रही।

# खेल-खेल में हुआ बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण




**बिजनेस साइट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

संस्कार द स्मार्ट स्कूल प्रांगण में शुक्रवार को तीन दिवसीय निःशुल्क एडवांस हेल्थ मेडिकल कैंप का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस शिविर का संचालन ₹स्वास्थ्य साथी₹ संस्था के प्रमुख डॉ. तन्मय मोतीवाला, डॉ. राधे श्याम तथा उनकी 12 सदस्यीय ₹एम्स एल्युमनी डॉक्टर्स₹ की टीम द्वारा किया गया।

■ संस्कार द स्मार्ट स्कूल में नि:शुल्क एडवांस हेल्थ मेडिकल कैंप

तीन दिवसीय शिविर में संस्कार द स्मार्ट स्कूल, जगदलपुर एवं एनएमडीसी संस्कार द स्मार्ट स्कूल, नगरनार के समस्त विद्यार्थियों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) के मानक दिशानिर्देशों के अनुरूप संपन्न हुई। इस दौरान पीडियाट्रिक, ईएनटी, नेत्र, दंत सहित अन्य स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। डॉक्टरों ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संबंधी अनेक महत्वपूर्ण जानकारियाँ भी प्रदान कीं।

समापन दिवस पर शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं के लिए स्वास्थ्य जागरूकता पर विशेष सेमिनार का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल एवं खंड शिक्षा अधिकारी एम.एस. भारद्वाज विशेष रूप से उपस्थित रहे तथा कैंप का निरीक्षण किया। साथ ही विद्यालय के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर नवीन भावसार, डायरेक्टर सुमन भावसार, एडमिन एलेक्स मैथ्यू, प्राचार्या एनी पॉल एवं विद्यालय की शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

# स्वयंसेवी वालेंटियर्स बच्चों को स्कूल से जोड़ने और समुदाय संवाद को मजबूत करने में निभाएंगे महत्वपूर्ण भूमिका

हरभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले में शिक्षा को जनांदोलन का रूप देने की दिशा में एक नई पहल की शुरुआत की गई है, जिसके अंतर्गत स्वयंसेवी वालेंटियर्स को बच्चों को स्कूल से जोड़ने तथा स्कूल और समुदाय के बीच संवाद को मजबूत करने के उद्देश्य से सक्रिय रूप से जोड़ा गया है। यह पहल जिले के दूरस्थ और आदिवासी बहुल क्षेत्रों में शिक्षा की पहुंच और गुणवत्ता को सुधारने के लिए एक प्रभावी कदम साबित होगी। साथ ही दीर्घकालीन रूप से एक शिक्षण मॉडल की नींव रखने में सहायक होगी। शुक्रवार को स्थानीय श्यामाप्रसाद मुखर्जी सभागार में जिला प्रशासन और यूनिसेफ के तत्वावधान में आयोजित स्वयंसेवी वालेंटियर्स की जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला के दौरान इस महत्ती पहल के लिए करीब 450 स्वयंसेवी वालेंटियर्स ने अपनी सक्रिय सहभागिता दी। इस दौरान वालेंटियर्स ने एक कदम आगे आकर जागरूक समाज-उन्नत समाज के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया। कार्यशाला की शुरुआत करते हुए कलेक्टर हरिस एस ने कहा कि बस्तर के विभिन्न गांवों से चयनित वालेंटियर्स बच्चों के साथ नियमित संवाद करने सहित ड्रॉपआउट बच्चों की पहचान कर उन्हें स्कूल में वापस लाने का प्रयास करेंगे और अभिभावकों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करने में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने बताया कि इन वालेंटियर्स को आगे विशेष प्रशिक्षण देकर बाल संरक्षण, स्वास्थ्य और पोषण जैसे अन्य सामाजिक मुद्दों पर भी काम पर लगाया जाएगा, जिससे समग्र बाल विकास सुनिश्चित हो सके।

# सांसद कश्यप व विधायक गोयल ने किया करोड़ों के विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शनिवार को लोहण्डीगुड़ा ब्लाक के विभिन्न ग्राम पंचायतों में 878.76 लाख रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन सांसद महेश कश्यप व विधायक चित्रकोट विनायक गोयल द्वारा किया गया। लोहण्डीगुड़ा मण्डल के विभिन्न ग्राम पंचायतों में जल संसाधन विभाग द्वारा स्टाप डेम, सह सोलर पंप एवं विद्युत निर्माण कार्यों का आज भूमि पूजन संपन्न हुआ। कुल 878.76 लाख रुपये की लागत से होने वाले इन विकास कार्यों का शुभारंभ सांसद महेश कश्यप व चित्रकोट विधायक विनायक गोयल द्वारा विधिवत रूप से पूजा-अर्चना कर किया गया। उन्होंने कहा कि यह योजनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई की सुविधा बढ़ाने, जल संरक्षण को बढ़ावा देने एवं ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों का विस्तार करने के उद्देश्य से प्रारंभ की जा रही हैं। स्टाप डेम निर्माण से जल संग्रहण क्षमता में वृद्धि होगी वहीं सोलर पंप किसानों को सिंचाई के लिए सुलभ और स्वच्छ ऊर्जा प्रदान करेंगे। इस अवसर पर ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए सांसद महेश कश्यप ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और गांव की समृद्धि के संकल्प को साकार करने में यह परियोजनाएं एक महत्वपूर्ण कदम हैं। वहीं विधायक विनायक गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि लोहण्डीगुड़ा क्षेत्र में यह एक ऐतिहासिक पहल है जो आने वाले समय में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगी। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान सांसद महेश कश्यप, चित्रकोट विधायक विनायक गोयल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मण्डावी, जनपद अध्यक्ष श्रीमती पदमा कश्यप, जनपद उपाध्यक्ष बसंत कश्यप, जिला पंचायत सदस्य चन्द्रभान कश्यप, पूर्व विधायक लच्छूराम कश्यप, मण्डल अध्यक्ष मंगतुराम कश्यप, सुनिल कुहरामी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रैतुराम बघेल, पूर्व मण्डल अध्यक्ष नरसिंह ठाकुर, लक्ष्मी निवास पाण्डेय, बलीराम बघेल, सरपंच संघ के अध्यक्ष सीताराम कश्यप, भरत कश्यप, नरेश कापडे के अलावा पंचायतों के सरपंच स्थानीय अधिकारी, ग्रामीणजन एवं अन्य जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# एन्क्वास की टीम ने किया अस्पताल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

बीजापुर जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को परखने के लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक एनक्वास की टीम ने 14 से 16 अप्रैल के बीच निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल में संचालित 15 विभागों की गहराई से जांच की गई। अस्पताल की सिविल सर्जन डॉ. रत्ना ठाकुर ने जानकारी दी कि टीम ने अस्पताल की व्यवस्थाओं, सुविधाओं और कार्यप्रणाली को बारीकी से परखा।

तीन दिवसीय इस निरीक्षण में एनक्वास टीम के सदस्यों तरुण भारद्वाज, वैष्णव सुंदरी और शिवानी देहरिया ने ओपीडी, आईपीडी, लेबर रूम, पैथोलॉजी, फार्मेसी सहित सभी प्रमुख विभागों का दौरा किया। टीम ने मरीजों से संवाद कर अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं का फीडबैक भी लिया।

जिला अस्पताल द्वारा इस निरीक्षण के लिए कई हफ्तों से तैयारियां की जा रही थीं। सभी अधिकारी और कर्मचारी मिलकर प्रयास कर रहे थे कि पिछली बार की कमियों को दूर किया जाए और इस बार अस्पताल को एनक्वास का सर्टिफिकेशन हासिल हो सके। 2022 में हुई पिछली एनक्वास टीम की जांच के दौरान कुछ कमियाँ पाई गई थीं, जिनके सुधार के लिए निर्देश दिए गए थे। इस बार के निरीक्षण में एनक्वास टीम ने कुछ विभागों में अच्छे कार्य और व्यवस्थाओं की सराहना की। टीम ने विशेष रूप से उन विभागों की तारीफ की जहाँ मरीजों को समय पर सेवा मिल रही थी और रिकॉर्ड संधारण व्यवस्थित ढंग से किया जा रहा था। हालांकि, कुछ विभागों में सुधार की आवश्यकता भी बताई गई है, जिन पर जल्द ही कार्यवाही की जाएगी।

### ग्राम फुडंरी की महिलाओं की दिक्कतें हुई कम

**गीदम।** जल जीवन मिशन भारत सरकार की अति महत्वपूर्ण योजना है। जिसका लक्ष्य सभी घरों तक कार्यशील घरेलू नल कनेक्शन उपलब्ध कराना है। इसमें जल संरक्षण, जल स्रोत स्थायित्व तथा वर्षा जल भण्डारण पर मुख्य रूप से ध्यान देते हुए ग्राम पंचायतों द्वारा विकेंद्रीकृत किंतु एकीकृत जल संसाधन प्रबंधन के माध्यम से समुचित स्तर पर जल प्रबंधन को बढ़ावा दिया जाएगा।

# विनम्रता से दुश्मन का दिल भी जीत सकते हैं : पं. गणेश मिश्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जेपी इंटरनेशनल स्कूल के 10 वें स्थापना दिवस के दूसरे दिन 18 अप्रैल को स्कूल परिसर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया जिसमें पाठकर्ता राजनांदगांव के पंडित गणेश शंकर मिश्रा ने छात्रों को बताया सुंदरकांड का अर्थ ही होता है अच्छा कार्य। सुंदरकांड के माध्यम से बताया कि कैसे जीवन में अच्छे कार्य कर जीवन को सफल बनाएं। पाठकर्ता गणेश शंकर मिश्रा ने पूजा अर्चना के बाद सुंदरकांड का पाठ करते हुए छात्रों को संबोधित करते हुए सुंदरकांड के प्रसंग के माध्यम से कहा जीवन में हमेशा छोटा बनकर रहना चाहिए। जीवन में कभी भी धन, बल, पद या अन्य किसी चीज के प्राप्त होने का घमंड नहीं करना चाहिए। छात्रों को अपने जीवन में एकाग्रता बढ़ाने हनुमान चालीसा पाठ करना चाहिए। उन्होने कहा कि छात्रों को किस तरह से जीवन में किस तरह का व्यवहार करने की जरूरत है, उसके बारे में बताया। आधुनिकता के जीवन में हिंदू संस्कार जो भूलते जा रहे है, उसके बार में भी विस्तृत जानकारी दिया। तीन घंटे चले सुंदरकांड पाठ के बाद भजनों की प्रस्तुति की गई जिसमें विद्यालय का समस्त स्टाप एवं छात्र जमकर झूमे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

